मतदाता संख्या का अंतिम प्रकाशन

# जनपद पंचायत क्षेत्रों की 18000 से ज्यादा तथा नगरीय निकायों में 6994 मतदाताओं की बढ़ोत्तरी

रतलाम ● स्वदेश समाचार

जिले में नगरीय निकायों तथा जनपद पंचायत क्षेत्रों के मतदाताओं की सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया है। जिले के जनपद पंचायत क्षेत्रों में गत वर्ष की तुलना में मतदाताओं की संख्या में 18728 मतदाताओं की वृद्धि हुई है। इसी तरह नगरीय क्षेत्रों में गत वर्ष की तुलना में 6994 मतदाताओं की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है।



जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार अंतिम प्रकाशन 2021 के तहत जिले की जनपद पंचायत रतलाम के मतदाताओं की संख्या 192318 है, यहां 3110 मतदाताओं की बढ़ोत्तरी हुई है। इसी तरह जनपद पंचायत आलोट में 129730 मतदाता है, यहां 4820 मतदाताओं की बढ़ोत्तरी हुई है। जनपद पंचायत जावरा में 115047 मतदाता है, यहां 2793 मतदाताओं की बढ़ोत्तरी हुई है। जनपद पंचायत सैलाना में 85231 मतदाता है, यहां 2793 मतदाताओं की बढ़ोत्तरी हुई है। जनपद पंचायत बाजना में 108381 मतदाता है, यहां 2870 मतदाताओं की बढ़ोत्तरी हुई है। जनपद पंचायत पिपलोदा में 9601 मतदाता है, यहां 2232 मतदाताओं की बढ़ोत्तरी हुई है।

## नगरीय निकायों में मतदाताओं की स्थिति

अंतिम प्रकाशन 2021 के अनुसार रतलाम शहर में 218947 मतदाता है, यहां 3987 मतदाताओं की बढ़ोत्तरी हुई है। जावरा में 54281 मतदाता है, यहां 1049 मतदाताओं की बढ़ोत्तरी हुई है। आलोट में 17931 मतदाता हैं, यहां 597 मतदाताओं की बढ़ोत्तरी हुई है। ताल में 11752 मतदाता है, यहां 447 मतदाताओं की बढ़ोत्तरी हुई है। बड़ावदा में से 1080 मतदाता है, यहां 241 मतदाताओं की बढ़ोत्तरी हुई है। पिपलोदा में 6085 मतदाता हैं यहां 143 मतदाताओं की बढ़ोत्तरी हुई है। सैलाना में 8704 मतदाता है, यहां 241 मतदाताओं की बढ़ोत्तरी हुई है। धामनोद में 6241 मतदाता हैं, यहां 138 मतदाताओं की बढ़ोत्तरी हुई है। नामली में 8375 मतदाता है यहां 151 मतदाताओं की बढ़ोत्तरी हुई है।

स्वदेश

---

मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन जारी

# जिले के नगरीय निकायों में 6994 तो जनपद पंचायतों में 18 हजार से अधिक मतदाता बढ़े

### जल्द ही हो सकती चुनाव की तारीख घोषित

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. जिले में नगरीय निकायों तथा जनपद पंचायत क्षेत्रों के मतदाताओं की सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। जिले के जनपद पंचायत क्षेत्रों में गत वर्ष की तुलना में मतदाताओं की संख्या में 18728 मतदाताओं की वृद्धि हुई है। इसी तरह नगरीय क्षेत्रों में गत वर्ष की तुलना में 6994 मतदाताओं की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इनमें रतलाम शहर में 3987 मतदाता बढ़े है।

जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार अंतिम प्रकाशन 2021 के तहत जिले की जनपद पंचायत रतलाम के मतदाताओं की संख्या 192318 है, यहां 3110 मतदाताओं की बढ़ोतरी हुई है। इसी तरह जनपद पंचायत आलोट में 129730 मतदाता है, यहा 4820 मतदाताओं की बढ़ोतरी हुई है। जनपद पंचायत जावरा में 115047 मतदाता है, यहां 2793 मतदाताओं की बढ़ोतरी हुई है। जनपद पंचायत सैलाना में 85231 मतदाता है, यहां 2793 मतदाताओं की बढ़ोतरी हुई है। जनपद पंचायत बाजना में 108381 मतदाता है, यहा 2870 मतदाताओं की बढ़ोतरी हुई है। जनपद पंचायत पिपलोदा में 9601 मतदाता है, यहा 2232 मतदाताओं की बढ़ोतरी हुई है।

### नगरीय निकायों में स्थिति

रतलाम शहर में 218947 मतदाता है, यहा 3987 मतदाताओं की बढ़ोतरी हुई है। जावरा में 54281 मतदाता है, यहां 1049 मतदाताओं की बढ़ोतरी हुई है। आलोट में 17931 मतदाता हैं, यहा 597 मतदाताओं की बढ़ोतरी हुई है। ताल में 11752 मतदाता है, यहां 447 मतदाताओं की बढ़ोतरी हुई है। बड़ावदा में से 1080 मतदाता है, यहां 241 मतदाताओं की बढ़ोतरी हुई है। पिपलोदा में 6085 मतदाता है, यहा 143 मतदाताओं की बढ़ोतरी हुई है। सैलाना में 8704 मतदाता है, यहा 241 मतदाताओं की बढ़ोतरी हुई है। धामनोद में 6241 मतदाता है, यहां 138 मतदाताओं की बढ़ोतरी हुई है। नामली में 8375 मतदाता है, यहां 151 मतदाताओं की बढ़ोतरी हुई है। पत्रिका

# ग्रीष्मकाल में पेयजल समस्या के त्वरित निराकरण के लिए जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित

रतलाम। ग्रीष्मकाल में जिले में पेयजल समस्या के त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टर श्री गोपालचंद्र डाड के निर्देश पर जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी पी.के. गोगादे ने बताया कि नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक 07412-270439 है। नियंत्रण कक्ष प्रातः 8:00 बजे से रात्रि 8 बजे तक कार्य करेगा।

जिला स्तरीय कंट्रोल रूम पर गजेंद्रसिंह, दिलीप सोलंकी, श्रीमती रुचिसिंह, आर.के. खरे, अशोक जोहरी की तैनाती की गई है। इसी प्रकार तहसील आलोट के लिए उपयंत्री के.एन. कुमावत मोबाइल नंबर 94 240 47340, तहसील ताल के लिए उपयंत्री बी.एल. बिंडोरिया मोबाइल 9424 88 4525, तहसील जावरा के लिए उपयंत्री श्री इरफान अली मोबाइल 94259 37171, तहसील पिपलोदा के लिए उपयंत्री विजय शर्मा मोबाइल 99815 30705 से किसी भी समस्या पर संपर्क किया जा सकता है।

इसी प्रकार तहसील रतलाम के लिए सहायक यंत्री सुखराम मेडा मोबाइल 84356 44081, उपयंत्री अर्पित चतर मोबाइल 93401 66238, उपयंत्री एम.के. पंडित मोबाइल 708900 815 से संपर्क किया जा सकता है। तहसील सैलाना के लिए उपयंत्री एन.के. जोशी मोबाइल 94248 24905, तहसील रावटी के लिए उपयंत्री एस.आई. अली मोबाइल 999 3380 969, तहसील बाजना के लिए उपयंत्री आर.के. कुमावत मोबाइल 98274 37292 से संपर्क किया जा सकता है।

सिंधम-3

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार इन्दौर समाचार पृष्ठ 15 दिनांक 08/03/2021

### कचरा निष्पादन व्यवस्था का जायजा लिया

# कलेक्टर ने जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउं

रतलाम । कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने मंगलवार को रतलाम के समीप जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड जाकर निरीक्षण किया। कलेक्टर ने रतलाम शहर से निगम वाहनों द्वारा घरों से उठाकर ले जाए जाने वाले कचरे के जुलवानिया में किए जा रहे निष्पादन की व्यवस्था का जायजा लिया। निष्पादन के लिए संचालित ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण केंद्र की कार्यप्रणाली से अवगत हुए। कंसलटेंट प्रतीक मिश्रा ने जानकारी प्रदान की।




जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड में निर्मित ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण केंद्र पर घरों से लाए गए सूखे तथा गीले कचरे को पृथक-पृथक किया जाता है। कलेक्टर ने कचरे के पृथक्करण की प्रक्रिया का निरीक्षण किया। प्रसंस्करण केंद्र पर कचरे से प्रति 2 माह में 8 से 9 टन जैविक खाद तैयार की जा रही है जो नागरिकों व किसानों के लिए मात्र 1 रूपए प्रति किलोग्राम की दर पर उपलब्ध है। यहां सूखे कचरे को 56 प्रकार से पृथक-पृथक किया जा रहा है। यह कार्य कचरा बिनने वाले व्यक्ति करते हैं जिसे बेचकर वे आय अर्जित करते है।

गीले कचरे से जैविक खाद बनाई ज
इसके लिए एरोबिक कंपोस्टिंग विधि का
किया जा रहा है जिसके तहत बायोकुल
द्वारा गीले कचरे को जैविक उर्वरक में
रहा है। लगभग 50 से 60 दिनों में जैवि
तैयार हो जाता है जो फसल, सब्जी की

मु

कलेक्टर गोपालचंद्र डाड जुल
मुखर्जी नगर में निर्मित कराए गए अ
आवास बनाए गए तथा 96 एमआई
निगमायुक्त को निर्देशित किया कि फ
द्वारा बिल्डिंग में निगम द्वारा सुसज्जित
निर्धारित किया गया है जिसका आक
गया है। कलेक्टर द्वारा निगमायुक्त श्री
करवाया जाए, इसमें ढिलाई नहीं करते

# जिला स्तरीय जनसुनवाई में 65 आवेदनों पर सुनवाई कर निराकरण के निर्देश जारी किए



*रतलाम। जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। इस दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े, डिप्टी कलेक्टर सुश्री सिराली जैन ने जनसुनवाई करते हुए निराकरण के निर्देश संबंधित विभागों को जारी किए। इस दौरान 65 आवेदनों पर सुनवाई की गई।*

जनसुनवाई के दौरान सूरजश्री कालोनी निवासी राजेश त्रिवेदी ने आवेदन देते हुए बताया कि ओसवाल नगर तथा सूरजश्री कालोनी के बीच स्थित स्ट्रीट लाईट के पोल लगे हैं, जिन पर विगत छह माह से विद्युत प्रदाय बंद है। क्षेत्र में अंधेरा होने के कारण आपराधिक घटनाएं घटित होने की अंदेशा बना रहता है, तत्काल स्ट्रीट लाईट चालू करवाई जाए। प्रकरण निराकरण हेतु नगर निगम को भेजा गया है। गवली मोहल्ला निवासी जीवन गवली ने बताया कि प्रार्थी की गुमटी जिस स्थान पर स्थित वह जगह प्रार्थी की है परन्तु गुमटी के पास रहने वाले आए दिन मुझे उक्त जगह से लिए परेशान कर रहे हैं। प्रार्थी को उचित न्याय दिलवाया जाए। प्रकरण निराकरण हेतु नगर निगम को भेजा गया है।


ग्राम पंचायत मलवासी के ग्राम नाका निवासी बालजी ने आवेदन में बताया कि ग्राम पंचायत मलवासी के ग्राम नाका में विगत कई वर्षों से शुद्ध पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है। क्षेत्र में 1 या 2 हैण्डपम्प ही लगे हैं जिनमें भी कम मात्रा में पानी आता है। उक्त हैण्डपम्पों से आने वाले पानी में फ्लोराइड की मात्रा अधिक होने के कारण ग्रामवासियों के स्वास्थ्य पर विपरित प्रभाव पड रहा है। अतः क्षेत्रवासियों के लिए शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाए। प्रकरण निराकरण हेतु पीएचई विभाग को भेजा गया है।

बाजना तहसील के ग्राम रायपाडा निवासी लक्ष्मण पिता नाथुजी डोडियार ने जनसुनवाई में बताया कि प्रार्थी को उद्यानिकी विभाग द्वारा नेट हाउस एवं अन्य कार्य के लिए शासन की ओर से 14 लाख 20 हजार रुपए स्वीकृत किए गए थे। राशि दिलवाने के नाम पर कुछ लोगों द्वारा प्रार्थी से कोरे कागज पर हस्ताक्षर करवाकर धोखाधडी करते हुए उद्यानिकी विभाग से 6 लाख रुपए निकाल लिए गए है। प्रार्थी द्वारा इस सम्बन्ध में 6 अक्टूबर 2020 को लिखित शिकायत भी उद्यानिकी विभाग को की गई थी लेकिन आज दिनांक तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। प्रकरण निराकरण हेतु सहायक संचालक उद्यानिकी विभाग को भेजा गया है।

# रतलाम को मिली सड़क मार्गों एवं ओव्हरब्रिज की सौगातें, बजट में 75 करोड़ से अधिक का प्रावधान : काश्यप

सिंघम रिपोर्टर ❏ रतलाम

म.प्र. विधानसभा में वित मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा प्रस्तुत बजट में रतलाम में सड़क मार्गों एवं ओव्हरब्रिज निर्माण के लिए 75 करोड़ से अधिक की राशि का प्रारंभिक प्रावधान किया गया है। इससे नागरिकों को फोरलेन सड़क व ओव्हरब्रिज की सौगात मिलेगी। इससे यातायात सुगम होगा।



विधायक चेतन्य काश्यप ने बताया कि राज्य सरकार के बजट में रतलाम शहर के 10 किमी लम्बे आंतरिक मार्गों के उन्नयन हेतु 850 लाख का प्रावधान किया गया है। इसी प्रकार रतलाम के रविदास चौक (करमदी नाका) से करमदी तक के 3 किमी लम्बे मार्ग के निर्माण एवं जावरा रोड अण्डरब्रिज से सेजावता फण्टे तक 5 किमी लम्बे फोरलेन मार्ग हेतु क्रमशः 255 लाख एवं 425 लाख रूपए का प्राथमिक प्रावधान किया गया है।श्री काश्यप ने बताया कि बजट में रतलाम–जावरा रेल खण्ड पर औद्योगिक क्षेत्र में स्थित समपार के आरओबी निर्माण हेतु 3200 लाख का प्राधान किया है। इससे अल्कोहल प्लांट की लगून भूमि पर विकसित हो रहे औद्योगिक क्षेत्र का सीधा संपर्क मुख्य मार्ग से होगा। रतलाम–गोधरा रेल खण्ड पर रतलाम–धोलावाड़ रोड पर मोरवनी के समीप स्थित समपार पर आरओबी निर्माण हेतु 2800 लाख का प्रावधान किया गया है। इससे धोलावाड़ में विकसित हो रहे पर्यटन क्षेत्र में आवाजाही की सुविधा मिलेगी और रतलाम के विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।

सिंघम-3

# रतलाम को मिली सड़क मार्गों एवं ओव्हरब्रिज की सौगातें

## बजट में 75 करोड़ से अधिक का प्रावधान-काश्यप

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

म.प्र. विधानसभा में वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा प्रस्तुत बजट में रतलाम में सड़क मार्गों एवं ओव्हरब्रिज निर्माण के लिए 75 करोड़ से अधिक की राशि का प्रारंभिक प्रावधान किया गया है। इससे नागरिकों को फोरलेन सड़क व ओव्हरब्रिज की सौगात मिलेगी। इससे यातायात सुगम होगा।

विधायक चेतन्य काश्यप ने बताया कि राज्य सरकार के बजट में रतलाम शहर के 10 किमी लम्बे आंतरिक मार्गों के उन्नयन हेतु 850 लाख का प्रावधान किया गया है। इसी प्रकार रतलाम के रविदास चौक (करमदी नाका) से करमदी तक के 3 किमी लम्बे मार्ग के निर्माण एवं जावरा रोड अण्डरब्रिज से सेजावता फण्टे तक 5 किमी लम्बे फोरलेन मार्ग हेतु क्रमशः 255 लाख एवं 425 लाख रूपए का प्राथमिक प्रावधान किया गया है।

श्री काश्यप ने बताया कि बजट में रतलाम-जावरा रेल खण्ड पर औद्योगिक क्षेत्र में स्थित समपार के आरओबी निर्माण हेतु 3200 लाख का प्राधान किया है। इससे अल्कोहल प्लांट की लगून भूमि पर विकसित हो रहे औद्योगिक क्षेत्र का सीधा संपर्क मुख्य मार्ग से होगा। रतलाम-गोधरा रेल खण्ड पर रतलाम-धोलावाड़ रोड पर मोरवनी के समीप स्थित समपार पर आरओबी निर्माण हेतु 2800 लाख का प्रावधान किया गया है। इससे धोलावाड़ में विकसित हो रहे पर्यटन क्षेत्र में आवाजाही की सुविधा मिलेगी और रतलाम के विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। अवन्तिका

## जनपद पंचायतों व निकाय की वोटर लिस्ट जारी की

### जिले में 18,728, निकायों में 6,994 वोटर बढ़े

रतलाम | निर्वाचन विभाग ने जिले की नगरीय निकायों तथा जनपद पंचायतों की वोटर लिस्ट का अंतिम प्रकाशन कर दिया है। नगरीय निकाय और जनपद पंचायत क्षेत्रों में पिछले साल की तुलना में मतदाताओं की संख्या बढ़ी है। जिले की जनपद पंचायतों में 18,728 मतदाता बढ़े हैं। नगरी क्षेत्रों में 6,994 वोटर बढ़े हैं।



# कलेक्टर श्री डाड ने जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड का निरीक्षण करते हुए कचरा निष्पादन व्यवस्था का जायजा लिया



रतलाम/( **जनवकालत** )॥ कलेक्टर श्री गोपालचंद्र डाड ने रतलाम के समीप जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड जाकर निरीक्षण किया। कलेक्टर ने रतलाम शहर से निगम वाहनों द्वारा घरों से उठाकर ले जाए जाने वाले कचरे के जुलवानिया में किए जा रहे निष्पादन की व्यवस्था का जायजा लिया। निष्पादन के लिए संचालित ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण केंद्र की कार्यप्रणाली से अवगत हुए। कंसलटेंट श्री प्रतीक मिश्रा ने जानकारी प्रदान की। जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड में निर्मित ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण केंद्र पर घरों से लाए गए सूखे तथा गीले कचरे को पृथक-पृथक किया जाता है। कलेक्टर श्री डाड ने कचरे के पृथक्करण की प्रक्रिया का निरीक्षण किया। प्रसंस्करण केंद्र पर कचरे से प्रति 2 माह में 8 से 9 टन जैविक खाद तैयार की जा रही है जो नागरिकों व किसानों के लिए मात्र 1 रुपए प्रति किलोग्राम की दर पर उपलब्ध है। यहां सूखे कचरे को 56 प्रकार से पृथक-पृथक किया जा रहा है। यह कार्य कचरा बिनने वाले व्यक्ति करते हैं जिसे बेचकर वे आय अर्जित करते हैं। गीले कचरे से जैविक खाद बनाई जा रही है। इसके लिए एरोबिक कंपोस्टिंग विधि का इस्तेमाल किया जा रहा है जिसके तहत बायोकुलम कल्चर द्वारा गीले कचरे को जैविक उर्वरक में बदला जा रहा है। लगभग 50 से 60 दिनों में जैविक उर्वरक तैयार हो जाता है जो फसल, सब्जी की खेती में अत्यंत उपयोगी है। संयंत्र पर लगभग 60 मैट्रिक टन कचरा प्रतिदिन आ रहा है जिसके ठोस निष्पादन के समुचित प्रबंध किए गए हैं।

**श्वान बंध्याकरण केंद्र का निरीक्षण**


कलेक्टर श्री गोपालचंद्र डाड ने जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड परिसर में निर्माणाधीन श्वान बंध्याकरण केंद्र का निरीक्षण किया। लगभग 100 बाय 55 फीट आकार में निर्मित किए जा रहे केंद्र पर नगर के आवारा श्वानों को लाकर रखा जाएगा और बंध्याकरण किया जाएगा। इससे शहर के नागरिकों को श्वानों की परेशानी से मुक्ति मिलेगी।

**मुखर्जी नगर में प्रधानमंत्री आवासों का निरीक्षण**

कलेक्टर श्री गोपालचंद्र डाड जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड निरीक्षण के पश्चात मुखर्जी नगर पहुंचे। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नगर निगम द्वारा मुखर्जी नगर में निर्मित कराए गए आवासों का निरीक्षण कलेक्टर द्वारा किया गया। मुखर्जी नगर में पीएम आवास योजना के तहत 36 ईडब्ल्यूएस आवास बनाए गए तथा 96 एमआईजी आवास बनाए गए हैं। कलेक्टर ने एमआईजी आवास बिल्डिंग के फ्लोरिंग कार्य पर असंतोष व्यक्त करते हुए निगमायुक्त को निर्देशित किया कि फ्लोरिंग को सुंदर स्वरूप दिया जाए; इमारत के साइड के हिस्से को भी बेहतर स्वरूप देने के निर्देश दिए।

कलेक्टर द्वारा बिल्डिंग में निगम द्वारा सुसज्जित किए गए डेमो फ्लैट का भी निरीक्षण किया गया। बताया गया कि एमआईजी आवास का मूल्य 22 लाख रुपए निर्धारित किया गया है जिसका आकार लगभग 982 स्क्वायर फीट है। बिल्डिंग के नीचे दुकानें भी बनाई गई हैं जिनके लिए भी मूल्य निर्धारित किया गया है। कलेक्टर द्वारा निगमायुक्त श्री झारिया को निर्देशित किया गया कि निगम द्वारा फ्लैट क्रय करने वाले व्यक्तियों के लिए रजिस्ट्री कार्य तत्काल करवाया जाए, इसमें ढिलाई नहीं बरते। 3/11/07/19

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार– प्रसारण --पृष्ठ 02 दिनांक 04/03/2021



# स्वच्छता अपनाएंगे, रतलाम शहर को नम्बर-1 बनाएंगे

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

हम इस शहर के रहवासी है। शहर ने हमें बहुत कुछ दिया और अब हमें शहर को कुछ देना है। ऐसे में आज यह संकल्प लेते हैं कि हम सभी शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में अपनी भागीदारी निभाएंगे। हम न खुद गंदगी करेंगे और ना ही दूसरों को करने देंगे। हम सभी का प्रयास रहेगा कि स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत सकारात्मक फीडबैक देंगे और हमारे रतलाम को स्वच्छ सर्वेक्षण में नम्बर-1 बनाने का प्रयास करेंगे।

यह संकल्प मंगलवार सुबह कला एवं विज्ञान महाविद्यालय में सैकड़ों खिलाड़ियों ने लिया। इस मौके पर वरिष्ठ खेल प्रशिक्षक व राष्ट्रीय खेल निर्णायक अमानत खान ने उपस्थित खिलाड़ियों को स्वच्छता का शपथ दिलाई।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश पर सफाई मित्र समूह के बैनर तले आयोजित यह कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग की वरिष्ठ पर्यवेक्षक श्रीमती एहतेशाम अंसारी, श्रीमती वनिता सिंधु, श्रवण यादव के मार्ग दर्शन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर शिवपुर में आयोजित मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय 10 हजार मीटर दौड़ स्पर्धा में स्वर्ण और रजत पदक जीतने वाली हेमलता मुंदड़ा, जयश्री बिलवा, कृपाली पाल, हेमलता रैना और मधुबाला यादव को नगर निगम की और से शील्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रसारण

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार सिंघम टाइम्स पृष्ठ 16 दिनांक 03/03/2021

## कचरा निष्पादन व्यवस्था का जायजा लिया

# कलेक्टर डाड ने जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड का निरीक्षण किया



**सिंघम रिपोर्टर ☐ रतलाम**

कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने मंगलवार को रतलाम के समीप जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड जाकर निरीक्षण किया। कलेक्टर ने रतलाम शहर से निगम वाहनों द्वारा घरों से उठाकर ले जाए जाने वाले कचरे के जुलवानिया में किए जा रहे निष्पादन की व्यवस्था का जायजा लिया। निष्पादन के लिए संचालित ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण केंद्र की कार्यप्रणाली से अवगत हुए। कंसलटेंट प्रतीक मिश्रा ने जानकारी प्रदान की। इस दौरान निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, कार्यपालन यंत्री जी.के. जायसवाल, सुरेश व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी, स्वास्थ्य अधिकारी निगम ए.पी. सिंह, उपयंत्री राजेश कुमावत आदि उपस्थित थे।

जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड में निर्मित ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण केंद्र पर घरों से लाए गए सूखे तथा गीले कचरे को पृथक-पृथक किया जाता है। कलेक्टर श्री डाड ने कचरे के पृथक्करण की प्रक्रिया का निरीक्षण किया। प्रसंस्करण केंद्र पर कचरे से प्रति 2 माह में 8 से 9 टन जैविक खाद तैयार की जा रही है जो नागरिकों व किसानों के लिए मात्र 1 रुपए प्रति किलोग्राम की दर पर उपलब्ध है। यहां सूखे कचरे को 56 प्रकार से पृथक-पृथक किया जा रहा है। यह कार्य कचरा बिनने वाले व्यक्ति करते हैं जिसे बेचकर वे आय अर्जित करते हैं। गीले कचरे से जैविक खाद बनाई जा रही है। इसके लिए एरोबिक कंपोस्टिंग विधि का इस्तेमाल किया जा रहा है जिसके तहत बायोकुलम कल्चर द्वारा गीले कचरे को जैविक उर्वरक में बदला जा रहा है। लगभग 50 से 60 दिनों में जैविक उर्वरक तैयार हो जाता है जो फसल, सब्जी की खेती में अत्यंत उपयोगी है। संयंत्र पर लगभग 60 मैट्रिक टन कचरा प्रतिदिन आ रहा है जिसके ठोस निष्पादन के समुचित प्रबंध किए गए हैं।

### निर्माणाधीन श्वान बंध्याकरण केंद्र का निरीक्षण किया

कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड परिसर में निर्माणाधीन श्वान बंध्याकरण केंद्र का निरीक्षण किया। लगभग 100 बाय 55 फीट आकार में निर्मित किए जा रहे केंद्र पर नगर के आवारा श्वानों को लाकर रखा जाएगा और बंध्याकरण किया जाएगा। इससे शहर के नागरिकों को श्वानों की परेशानी से मुक्ति मिलेगी।


सिंघम-3

### मुखर्जी नगर में प्रधानमंत्री आवासों का निरीक्षण किया

कलेक्टर गोपालचंद्र डाड जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड निरीक्षण के पश्चात मुखर्जी नगर पहुंचे। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नगर निगम द्वारा मुखर्जी नगर में निर्मित कराए गए आवासों का निरीक्षण कलेक्टर द्वारा किया गया। मुखर्जी नगर में पीएम आवास योजना के तहत 36 ईडब्ल्यूएस आवास बनाए गए तथा 96 एमआईजी आवास बनाए गए हैं। कलेक्टर ने एमआईजी आवास बिल्डिंग के फ्लोरिंग कार्य पर असंतोष व्यक्त करते हुए निगमायुक्त को निर्देशित किया कि फ्लोरिंग को सुंदर स्वरूप दिया जाए, इमारत के साइड के हिस्से को भी बेहतर स्वरूप देने के निर्देश दिए। कलेक्टर द्वारा बिल्डिंग में निगम द्वारा सुसज्जित किए गए डेमो फ्लैट का भी निरीक्षण किया गया। बताया गया कि एमआईजी आवास का मूल्य 22 लाख रुपए निर्धारित किया गया है जिसका आकार लगभग 982 स्क्वायर फीट है। बिल्डिंग के नीचे दुकानें भी बनाई गई हैं जिनके लिए भी मूल्य निर्धारित किया गया है। कलेक्टर द्वारा निगमायुक्त श्री झारिया को निर्देशित किया गया कि निगम द्वारा फ्लैट क्रय करने वाले व्यक्तियों के लिए रजिस्ट्री कार्य तत्काल करवाया जाए, इसमें ढिलाई नहीं बरतें।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार नईदुनिया –पृष्ठ 05 दिनांक 04/03/2021

# जिले की जनपद पंचायतों में 18728 और नगरीय निकायों में 6994 मतदाता बढ़े



**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** जिले में नगरीय निकायों तथा जनपद पंचायत क्षेत्रों के मतदाताओं की सूची का अंतिम प्रकाशन बुधवार को कर दिया गया। जिले के जनपद पंचायत क्षेत्रों में गत वर्ष की तुलना में मतदाताओं की संख्या में 18728 जबकि नगरीय क्षेत्रों में 6994 मतदाताओं की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

**नगरीय निकायों में मतदाताओं की स्थिति :** रतलाम नगर निगमः कुल 219847 मतदाता हैं। इसमें 109926 पुरुष 109917 महिला व चार मतदाता अन्य हैं। गत वर्ष की तुलना में 3987 मतदाताओं की वृद्धि हुई है।

**जावरा नगर पालिकाः** कुल 54281 मतदाताओं में 27801 पुरुष, 26477 महिला व तीन अन्य मतदाता हैं। 1049 मतदाताओं की वृद्धि हुई है।

**आलोट नगर परिषदः** कुल 17931 मतदाताओं में 9127 पुरुष, 8804 महिला हैं। यहां 597 मतदाताओं की बढ़ोतरी हुई है।

**ताल नगर परिषद :** कुल 11752 मतदाताओं में 5911 पुरुष, 5838 महिला, तीन अन्य हैं। 447 मतदाताओं की बढ़ोतरी हुई है।

**बड़ावदा नगर परिषदः** कुल 7080 मतदाता हैं। 241 मतदाताओं की बढ़ोतरी हुई है। पुरुष मतदाता 3549, महिला 3531 हैं।

**पिपलौदा नगर परिषदः** कुल 6085 मतदाताओं में 3018 पुरुष, 3066 महिला व एक अन्य मतदाता हैं। यहां 143 मतदाताओं की बढ़ोतरी हुई है।

**सैलाना नगर परिषदः** कुल 8704 मतदाताओं में पुरुषों की संख्या 4305, महिला 4398 व एक अन्य हैं। 241 मतदाताओं की बढ़ोतरी हुई है।

**धामनोद नगर परिषदः** कुल 6241 मतदाताओं में 3163 पुरुष, 3077 महिला व एक अन्य हैं। 138 मतदाताओं की बढ़ोतरी हुई है।

**नामली नगर परिषदः** कुल 8375 मतदाता हैं। इनमें 4204 पुरुष, 4170 महिला व एक अन्य हैं। यहां 151 मतदाताओं की वृद्धि हुई है।

**जनपद पंचायतों में मतदाता**

| जनपद | मतदाता | वृद्धि |
|---|---|---|
| रतलाम | 192318 | 3110 |
| आलोट | 129730 | 4820 |
| जावरा | 115047 | 2793 |
| सैलाना | 85231 | 2793 |
| बाजना | 108381 | 2870 |
| पिपलौदा | 96201 | 2232 |

नईदुनिया

# मतदाता सूची अंतिम रूप से तैयार, चुनाव की तैयारी पूरी

## कभी भी हो सकती है निकाय चुनाव की घोषणा

**भोपाल (नईदुनिया स्टेट ब्यूरो)।** प्रदेश में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर मतदाता सूची तैयार हो गई है। बुधवार को इसका अंतिम प्रकाशन जिलों में किया गया। इसके साथ ही राज्य निर्वाचन आयोग की चुनाव की तैयारी पूरी हो गई। राज्य निर्वाचन आयुक्त बसंत प्रताप सिंह छह मार्च, शनिवार को सभी कलेक्टरों से जानकारी लेंगे। माना जा रहा है कि आयोग अब कभी भी चुनाव की घोषणा कर सकता है।

राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि निकायों के साथ-साथ पंचायत चुनावों की मतदाता सूची भी अंतिम रूप से तैयार हो गई है। यह गुरुवार सुबह तक वेबसाइट पर आ जाएगी।

इसके साथ ही चुनाव संबंधी तैयारियां पूरी हो गई हैं। छह मार्च को राज्य निर्वाचन आयुक्त सभी कलेक्टरों के साथ वीडियो कांफ्रेंस में उनकी तैयारियों पर चर्चा करेंगे। इसके बाद चुनाव कार्यक्रम घोषित होगा। बताया जा रहा है कि परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए ही चुनाव कराया जाएगा। निकाय चुनाव दो चरण में करवाने की तैयारी है।

नईदुनिया

## ग्रीष्मकाल में पेयजल समस्या के त्वरित निराकरण के लिए जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित

रतलाम । ग्रीष्मकाल में जिले में पेयजल समस्या के त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टर गोपालचंद्र डाड के निर्देश पर जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी पी.के. गोगादे ने बताया कि नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक 07412-270439 है। नियंत्रण कक्ष प्रातः 8:00 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक कार्य करेगा। जिला स्तरीय कंट्रोल रूम पर गजेंद्रसिंह, दिलीप सोलंकी, श्रीमती रुचिसिंह, आर.के. खरे, अशोक जोहरी की तैनाती की गई है। इसी प्रकार तहसील आलोट के लिए उपयंत्री के.एन. कुमावत मोबाइल नंबर 94 240 47340, तहसील ताल के लिए उपयंत्री बी.एल. बिंडोरिया मोबाइल 9424 88 4525, तहसील जावरा के लिए उपयंत्री श्री इरफान अली मोबाइल 94259 37171, तहसील पिपलोदा के लिए उपयंत्री श्री विजय शर्मा मोबाइल 99815 30705 से किसी भी समस्या पर संपर्क किया जा सकता है। इसी प्रकार तहसील रतलाम के लिए सहायक यंत्री श्री सुखराम मेड़ा मोबाइल 84356 44081, उपयंत्री श्री अर्पित चतर मोबाइल 93401 66238, उपयंत्री श्री एम.के. पंडित मोबाइल 708900 815 से संपर्क किया जा सकता है। तहसील सैलाना के लिए उपयंत्री श्री एन.के. जोशी मोबाइल 94248 24905, तहसील रावटी के लिए उपयंत्री श्री एस.आई. अली मोबाइल 999 3380 969, तहसील बाजना के लिए उपयंत्री श्री आर.के. कुमावत मोबाइल 98274 37292 से संपर्क किया जा सकता है।

इन्दौर - 3

## ग्रीष्मकाल में पेयजल समस्या के त्वरित निराकरण के लिए जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित

रतलाम। ग्रीष्मकाल में जिले में पेयजल समस्या के त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टर गोपालचंद्र डाड के निर्देश पर जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी पी.के. गोगादे ने बताया कि नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक 07412-270439 है। नियंत्रण कक्ष प्रात: 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक कार्य करेगा। जिला स्तरीय कंट्रोल रूम पर गजेंद्रसिंह, दिलीप सोलंकी, श्रीमती रुचिसिंह, आर.के. खरे, अशोक जोहरी की तैनाती की गई है। इसी प्रकार तहसील आलोट के लिए उपयंत्री के.एन. कुमावत मोबाइल नंबर 94240 47340, तहसील ताल के लिए उपयंत्री श्री बी.एल. बिंडोरिया मोबाइल 9424 884525, तहसील जावरा के लिए उपयंत्री श्री इरफान अली मोबाइल 94259 37171, तहसील पिपलोदा के लिए उपयंत्री श्री विजय शर्मा मोबाइल 99815 30705 से किसी भी समस्या पर संपर्क किया जा सकता है।

अग्निपथ 10/3

### जिला स्तरीय जनसुनवाई में

# 65 आवेदनों पर सुनवाई कर निराकरण के निर्देश जारी किए

■ रतलाम

**जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई। इस दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती जमुना भिडे, डिप्टी कलेक्टर सुश्री सिराली जैन ने जनसुनवाई करते हुए निराकरण के निर्देश संबंधित विभागों को जारी किए। इस दौरान 65 आवेदनों पर सुनवाई की गई।**

जनसुनवाई के दौरान सूरजश्री कालोनी निवासी राजेश त्रिवेदी ने आवेदन देते हुए बताया कि ओसवाल नगर तथा सूरजश्री कालोनी के बीच स्थित स्ट्रीट लाईट के पोल लगे हैं, जिन पर विगत छह माह से विद्युत प्रदाय बंद है। क्षेत्र में अंधेरा होने के कारण आपराधिक घटनाएं घटित होने का अंदेशा बना रहता है, तत्काल स्ट्रीट लाईट चालू करवाई जाए। प्रकरण निराकरण हेतु नगर निगम को भेजा गया है। गवली मोहल्ला निवासी जीवन गवली ने बताया कि प्रार्थी की गुमटी जिस स्थान पर स्थित वह जगह प्रार्थी की है परन्तु गुमटी के पास रहने वाले आए दिन मुझे उक्त जगह से लिए परेशान कर रहे हैं। प्रार्थी को उचित न्याय दिलवाया जाए। प्रकरण निराकरण हेतु नगर निगम को भेजा गया है। ग्राम पंचायत मलवासी के ग्राम नाका निवासी बालजी ने आवेदन में बताया कि ग्राम पंचायत मलवासी के ग्राम नाका में विगत कई वर्षों से शुद्ध पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है। क्षेत्र में 1 या 2 हैण्डपम्प ही लगे हैं जिनमें भी कम मात्रा में पानी आता है। उक्त हैण्डपम्पों से आने वाले पानी में फ्लोराइड की मात्रा अधिक होने के कारण ग्रामवासियों के स्वास्थ्य पर विपरित प्रभाव पड रहा है। शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाए। बाजना तहसील के ग्राम रामपाडा निवासी लक्ष्मण पिता नाथुजी डोडियार ने जनसुनवाई में बताया कि प्रार्थी को उद्यानिकी विभाग द्वारा नेट हाउस एवं अन्य कार्य के लिए शासन की ओर से 14 लाख 20 हजार रुपए स्वीकृत किए गए थे। राशि दिलवाने के नाम पर कुछ लोगों द्वारा प्रार्थी से कोरे कागज पर हस्ताक्षर करवाकर धोखाधडी करते हुए उद्यानिकी विभाग से 6 लाख रुपए निकाल लिए गए हैं। अग्निबाण/3

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार अग्निबाण –पृष्ठ 17 दिनांक 03/03/2021

# मुखर्जी नगर में निगम की फ्लोरिंग से खुश नहीं हुए कलेक्टर





- असंतोष जताया, बेहतर ढंग से काम करने को कहा
- मुखर्जी नगर के अलावा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड का निरीक्षण किया
- कचरा निष्पादन व्यवस्था का जायजा लिया

रतलाम। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने मंगलवार को रतलाम के समीप जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड जाकर निरीक्षण किया। कलेक्टर ने रतलाम शहर से निगम वाहनों द्वारा घरों से उठाकर ले जाए जाने वाले कचरे के जुलवानिया में किए जा रहे निष्पादन की व्यवस्था का जायजा लिया। निष्पादन के लिए संचालित ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण केंद्र की कार्यप्रणाली से अवगत हुए। कंसलटेंट प्रतीक मिश्रा ने जानकारी प्रदान की।

इस दौरान निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, कार्यपालन यंत्री जी.के. जायसवाल, सुरेश व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी, स्वास्थ्य अधिकारी निगम ए.पी.सिंह, उपयंत्री राजेश कुमावत आदि उपस्थित थे। जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड में निर्मित ठोस अपशिष्ट प्रसंस्करण केंद्र पर घरों से लाए गए सूखे तथा गीले कचरे को पृथक-पृथक किया जाता है। कलेक्टर ने कचरे के पृथकरण की प्रकिया का निरीक्षण किया। प्रसंस्करण केंद्र पर कचरे से प्रति 2 माह में 8 से 9 टन जैविक खाद तैयार की जा रही है जो नागरिकों व किसानों के लिए मात्र 1 रुपए प्रति किलोग्राम की दर पर उपलब्ध है। यहां सूखे कचरे को 56 प्रकार से पृथक-पृथक किया जा रहा है। यह कार्य कचरा बिनने वाले व्यक्ति करते हैं जिसे बेचकर वे आय अर्जित करते हैं। गीले कचरे से जैविक खाद बनाई जा रही है। इसके लिए एरोबिक कंपोस्टिंग विधि का इस्तेमाल किया जा रहा है जिसके तहत बायोकुलम कल्चर द्वारा गीले कचरे को जैविक उर्वरक में बदला जा रहा है। लगभग 50 से 60 दिनों में जैविक उर्वरक तैयार हो जाता है जो फसल, सब्जी की खेती में अत्यंत उपयोगी है। संयंत्र पर लगभग 60 मैट्रिक टन कचरा प्रतिदिन आ रहा है जिसके ठोस निष्पादन के समुचित प्रबंध किए गए हैं। कलेक्टर द्वारा बिल्डिंग में निगम द्वारा सुसज्जित किए गए डेमो फ्लैट का भी निरीक्षण किया गया। बताया गया कि एमआईजी आवास का मूल्य 22 लाख रुपए निर्धारित किया गया है जिसका आकार लगभग 982 स्कायर फीट है। बिल्डिंग के नीचे दुकानें भी बनाई गई हैं जिनके लिए भी मूल्य निर्धारित किया गया है। कलेक्टर द्वारा निगमायुक्त श्री झारिया को निर्देशित किया गया कि निगम द्वारा फ्लैट क्रय करने वाले व्यक्तियों के लिए रजिस्ट्री कार्य तत्काल करवाया जाए, इसमें ढिलाई नहीं बरतें।

## निर्माणाधीन श्वान बंध्याकरण केन्द्र का निरीक्षण किया

कलेक्टर ने जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड परिसर में निर्माणाधीन श्वान बंध्याकरण केंद्र का निरीक्षण किया। लगभग 100 बाय 55 फीट आकार में निर्मित किए जा रहे केंद्र पर नगर के आवारा श्वानों को लाकर रखा जाएगा और बंध्याकरण किया जाएगा। इससे शहर के नागरिकों को श्वानों की परेशानी से मुक्ति मिलेगी।

## मुखर्जी नगर में प्रधानमंत्री आवासों का निरीक्षण किया

कलेक्टर गोपालचंद्र डाड जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड निरीक्षण के पश्चात मुखर्जी नगर पहुंचे। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नगर निगम द्वारा मुखर्जी नगर में निर्मित कराए गए आवासों का निरीक्षण कलेक्टर द्वारा किया गया। मुखर्जी नगर में पीएम आवास योजना के तहत 36 ईडब्ल्यूएस आवास बनाए गए तथा 96 एमआईजी आवास बनाए गए हैं। कलेक्टर ने एमआईजी आवास बिल्डिंग के फ्लोरिंग कार्य पर असंतोष व्यक्त करते हुए निगमायुक्त को निर्देशित किया कि फ्लोरिंग को सुंदर स्वरूप दिया जाए, इमारत के साइड के हिस्से को भी बेहतर स्वरूप देने के निर्देश दिए।

अग्निबाण – 3

# वृंदावन बेकरी से 40 किलो पॉलीथिन जब्त कर 5 हजार रु. जुर्माना लगाया

## पुलिस के साथ पहुंचे स्वास्थ्य अधिकारी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

नगर निगम ने शहर में 50 माइक्रोन से कम मोटाई की पॉलीथिन व प्लास्टिक के इस्तेमाल पर पाबंदी लगा रखी है। बुधवार को निगम की स्पॉट फाइन टीम सज्जन मिल रोड स्थित वृंदावन बेकरी पहुंची।

टीम के विराट मेहरा दुकान में रखी पॉलीथिन जब्त करने हाथ लगाने लगाने लगे तो दुकान संचालक बोला हाथ मत लगाना। इस पर मेहरा ने जानकारी स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह को दी। उन्होंने कलेक्टर एवं निगम प्रशासक गोपालचंद्र डाड और आयुक्त सोमनाथ झारिया को जानकारी दी। पुलिसकर्मियों के साथ स्वास्थ्य अधिकारी सिंह पहुंचे और जांच की तो यहां 50 माइक्रोन से कम की 40 किलो पॉलीथिन मिली। उन्होंने बेकरी पर पांच हजार रुपए का जुर्माना लगाया। शहर के अन्य दुकानों पर भी कार्रवाई की गई।

# अनुपस्थित 42 सफाई संरक्षकों का वेतन काटा

रतलाम। निगम के चारों जोन के वार्डों की सफाई कार्य के निरीक्षण के दौरान नगर के विभिन्न वार्डों में बुधवार को बिना सूचना के 42 सफाई संरक्षकों द्वारा कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित पाए जाने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक दिवस का वेतन काटा गया। साथ ही अस्थायी कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त करने व स्थायी कर्मचारियों को निलंबित किए जाने के संबंध में कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–स्वदेश–––पृष्ठ 12 दिनांक 04/03/2021

**सड़क मार्गों एवं ओव्हरब्रिज की सौगातें**

# बजट में 75 करोड़ से अधिक का प्रावधान रतलाम के लिए - काश्यप

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**


म.प्र. विधानसभा में वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा प्रस्तुत बजट में रतलाम में सड़क मार्गों एवं ओव्हरब्रिज निर्माण के लिए 75 करोड़ से अधिक की राशि का प्रारंभिक प्रावधान किया गया है। इससे नागरिकों को फोरलेन सड़क व ओव्हरब्रिज की सौगात मिलेगी। इससे यातायात सुगम होगा।

विधायक चेतन्य काश्यप ने बताया कि राज्य सरकार के बजट में रतलाम शहर के 10 किमी लम्बे आंतरिक मार्गों के उन्नयन हेतु 850 लाख का प्रावधान किया गया है। इसी प्रकार रतलाम के रविदास चौक (करमदी नाका) से करमदी तक के 3 किमी लम्बे मार्ग के निर्माण एवं जावरा रोड अण्डरब्रिज से सेजावता फण्टे तक 5 किमी लम्बे फोरलेन मार्ग हेतु क्रमशः 255 लाख एवं 425 लाख रुपए का प्राथमिक प्रावधान किया गया है। श्री काश्यप ने बताया कि बजट में रतलाम–जावरा रेल खण्ड पर औद्योगिक क्षेत्र में स्थित समपार के आरओबी निर्माण हेतु 3200 लाख का प्रावधान किया है। इससे अल्कोहल प्लांट की भूमि पर विकसित हो रहे औद्योगिक क्षेत्र का सीधा संपर्क मुख्य मार्ग से होगा। रतलाम–गोधरा रेल खण्ड पर रतलाम–धोलावाड़ रोड पर मोरवनी के समीप स्थित समपार पर आरओबी निर्माण हेतु 2800 लाख का प्रावधान किया गया है। इससे धोलावाड़ में विकसित हो रहे पर्यटन क्षेत्र में आवाजाही की सुविधा मिलेगी और रतलाम के विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।

स्वदेश

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार जनवकालत पृष्ठ 14 दिनांक 04/03/2021

# रतलाम में तीन स्थानों पर मिलेगा दीनदयाल अंत्योदय रसोई का लाभ


जनवकालत

**रतलाम।** प्रदेश के साथ रतलाम मुख्यालय पर भी तीन स्थानों पर दीनदयाल अंत्योदय रसोई का शुभारंभ किया गया। रतलाम में सिविक सेंटर, अंबेडकर भवन तथा त्रिपोलिया गेट पर दीनदयाल रसोई आरंभ की गई है जहां निर्धन व्यक्तियों को 10 रूपए में भरपेट भोजन थाली की सुविधा मिलेगी।

रतलाम में सिविक सेंटर पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व निगम अध्यक्ष श्री अशोक पोरवाल, श्री मनोहर पोरवाल, श्री निर्मल कटारिया, श्रीमती ज्योति सुनारिया, निगमायुक्त श्री सोमनाथ झारिया, कार्यपालन यंत्री श्री सुरेश व्यास, श्री जी.के. जयसवाल, श्री श्याम सोनी, श्री राजेश परमार, श्री नितिन तिवारी, श्री ए.पी. सिंह, श्री कपिल मारोठिया आदि उपस्थित थे।

कार्यक्रम पश्चात दीनदयाल अंत्योदय रसोई प्रारंभ करते हुए निर्धन व्यक्तियों को भोजन परोसा गया। वर्तमान में प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक राष्ट्रीय अवकाश, होली तथा रविवार छोड़कर प्रतिदिन 10 रूपए में भोजन की थाली उपलब्ध कराई जाएगी जिसमें दाल, चावल, सब्जी, रोटी, कढ़ी मिलेगी।

# स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम के तहत खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

● रतलाम

हम इस शहर के रहवासी है। शहर ने हमे बहुत कुछ दिया और अब हमे शहर को कुछ देना है। ऐसे में आज ये संकल्प लेते है कि हम सभी शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में अपनी भागीदारी निभाएगे। हम न खुद गंदगी करेंगे और ना ही दूसरों को करने देंगे। हम सभी का प्रयास रहेगा कि स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत सकारात्मक फीडबैक देंगे और हमारे रतलाम को स्वच्छ सर्वेक्षण में नम्बर-1 बनाने का प्रयास करेंगे।



यह संकल्प मंगलवार सुबह कला एवं विज्ञान महाविद्यालय में सैकड़ों खिलाडियों ने लिया। इस मौके पर वरिष्ठ खेल प्रशिक्षक व राष्ट्रीय खेल निर्णायक अमानत खान ने उपस्थित खिलाडियों को स्वच्छता का शपथ दिलाई। नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देश पर सफाई मित्र समूह के बैनर तले आयोजित यह कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग की वरिष्ठ पर्यवेक्षक श्रीमती एहतेशाम अंसारी, श्रीमती वनिता सिंधु, श्रवण यादव के मार्ग दर्शन में आयोजित किया गया। इस 2 वसर पर शिवपुर में आयोजित मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय 10 हजार मीटर दौड़ स्पर्धा में स्वर्ण और रजत पदक जीतने वाली हेमलता मुंदड़ा, जयश्री बिल[illegible], कृपाली पाल, हेमलता रेंगा और मधुबाला यादव को नगर निगम की ओर से शील्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर खेल प्रशिक्षक अमानत खान ने कहा कि नगर पालिक निगम का अमला सफाई व्यवस्था को लेकर सजग है विशेषकर नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया खुद स्वच्छता के मामले को गंभीरता से ले रहे है। उन्ही के प्रयासों से रतलाम के कई कोनो और हिस्सों में कई दशकों से जमा अस्थायी कचरा स्थलों को साफ करवाया है जहां दोबारा कचरा न डाला जाए इसके लिए रांगोली का निर्माण और दीपदान कराया जा रहा है। रांगोली और दीपदान नागरिकों के साथ ही इधर-उधर कचरा फेकने वालों में भी सकारात्मक भाव भर रहे है। कार्यक्रम का संचालन श्रवण यादव ने किया और आभार प्रदर्शन श्रीमती एहतेशाम अंसारी ने माना।

## रतलाम में वार्ड 7 और 17 को जीरो वेस्ट बनाएंगे

रतलाम। शहर को स्वच्छता की दौड़ में अव्वल बनाने के प्रयासों के चलते नगर निगम शहर के वार्डो को जीरो वेस्ट बनाने की तैयारियों को अंजाम देने जा रहा है। पहले चरण में शहर के दो वार्डो को जीरो वेस्ट बनाने की तैयारी 04 मार्च गुरूवार से की जाएगी। बुधवार को इस संबंध में आयोजित बैठक के दौरान निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने संबंधित शाखा प्रमुखों को दिशा निर्देश दिए पायलट प्रोजेक्ट के तहत प्रथम चरण में शहर के वार्ड सात (अलकापुरी) और वार्ड 17 (ईश्वरनगर) को जीरो वेस्ट वार्ड बनाए जाने की तैयारियों को अंतिम रुप दिया गया है।

# ड का निरीक्षण किया

रही है।
इस्तेमाल
कल्चर
दला जा
 उर्वरक
खेती में

अत्यंत उपयोगी है। संयंत्र पर लगभग 60 मैट्रिक टन कचरा प्रतिदिन आ रहा है जिसके ठोस निष्पादन के समुचित प्रबंध किए गए हैं।

**निर्माणाधीन श्वान बंध्याकरण केंद्र का निरीक्षण किया** -कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड परिसर में निर्माणाधीन श्वान बंध्याकरण केंद्र का निरीक्षण किया। लगभग 100 बाय 55 फीट आकार में निर्मित किए जा रहे केंद्र पर नगर के आवारा श्वानों को लाकर रखा जाएगा और बंध्याकरण किया जाएगा। इससे शहर के नागरिकों को श्वानों की परेशानी से मुक्ति मिलेगी।

## खर्जी नगर में प्रधानमंत्री आवासों का निरीक्षण किया

निया ट्रेंचिंग ग्राउंड निरीक्षण के पश्चात मुखर्जी नगर पहुंचे। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नगर निगम द्वारा
वासों का निरीक्षण कलेक्टर द्वारा किया गया। मुखर्जी नगर में पीएम आवास योजना के तहत 36 ईडब्ल्यूएस
आवास बनाए गए हैं। कलेक्टर ने एमआईजी आवास बिल्डिंग के फ्लोरिंग कार्य पर असंतोष व्यक्त करते हुए
रिंग को सुंदर स्वरूप दिया जाए, इमारत के साइड के हिस्से को भी बेहतर स्वरूप देने के निर्देश दिए। कलेक्टर
किए गए डेमो फ्लैट का भी निरीक्षण किया गया। बताया गया कि एमआईजी आवास का मूल्य 22 लाख रुपए
लगभग 982 स्क्वायर फीट है। बिल्डिंग के नीचे दुकानें भी बनाई गई हैं जिनके लिए भी मूल्य निर्धारित किया
कारियों को निर्देशित किया गया कि निगम द्वारा फ्लैट क्रय करने वाले व्यक्तियों के लिए रजिस्ट्री कार्य तत्काल

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–दै. भास्कर–पृष्ठ 01 दिनांक 04/03/202

# संक्रमण नहीं अब लापरवाही-2

## प्यून को छोड़ अफसर और कर्मचारी सब लेट

**रतलाम** | सरकारी दफ्तरों में अफसर और कर्मचारी का समय पर नहीं पहुंचने का ढर्रा सुधर नहीं रहा है। बुधवार को जब सरकारी दफ्तरों का जायजा लिया तो अधिकतर दफ्तरों की कुर्सी और टेबलें खाली ही मिली और कर्मचारी गायब मिले। जबकि दफ्तर शुरू होने का समय सुबह 10.30 बजे का है। लेकिन इस समय तक तो दफ्तरों में सफाई ही रही है। जिला अस्पताल सहित 6 दफ्तरों का जायजा लिया। इसमें चार तो कलेक्टोरेट परिसर में ही स्थिति है। बावजूद यह स्थिति है और कर्मचारी अपने मनमुताबिक समय पर पहुंच रहे हैं।

### भास्कर लाइव : जानिए, बुधवार को किस विभाग की क्या स्थिति रही

### 1. ओपीडी कक्ष खाली, डॉक्टरों का इंतजार करते रहे मरीज



**जिला अस्पताल, सुबह 9.05 मिनट**


जिला अस्पताल की ओपीडी के बाहर महिला एवं पुरुष खड़े हैं। लेकिन ओपीडी में एक भी डॉक्टर नहीं है। कतार में लगी महिला मरीज बोली कभी से खड़े है लेकिन डॉक्टर अब तक नहीं आए हैं।

**अहमियत**- 500 से ज्यादा मरीज आते हैं। ये शहर सहित आसपास की तहसीलों और गांवों से आते हैं।

बोर्ड पर ड्यूटी डाक्टरों के नाम लिख रहे वॉर्ड बॉय ने बताया आप इंतजार करो। डॉक्टर थोड़ी देर में आने वाले है। करीब जबकि ओपीडी का समय सुबह 9 बजे का है।

**जिम्मेदार**- सिविल सर्जन डॉ. आनंद चंदेलकर ने बताया डॉ. राउंड लेते हैं। कोशिश करेंगे की ओपीडी में डॉक्टर समय पर पहुंचे और मरीजों को परेशानी ना हो।

### 2. बस थोड़ी ही देर में कर्मचारी आने वाले हैं आप इंतजार करें



**राशन कार्ड (नगर निगम), सुबह 10.40 बजे**

नगर निगम के राशन कार्ड में सुबह 10.30 बजे से काम शुरू होना चाहिए। लेकिन आवक जावक में एक कर्मचारी पन्नालाल ही मिले। इसके अलावा विभाग की कुर्सी टेबलें खाली ही है। उन्होंने बताया कर्मचारी थोड़ी ही देर में आते होंगे। इसी तरह नगर निगम के लेखा विभाग के भी यही हाल रहे। लेखा विभाग की कुर्सियां भी खाली ही रही। यहां कर्मचारी नहीं मिला।

**अहमियत**- एपीएल के राशन कार्ड बनते है, नाम जुड़वाना हो या कम करना हो सारे काम यहीं होते हैं।

**जिम्मेदार**- खाद्य विभाग के प्रभारी एपी सिंह ने बताया मैं दिखवाता हूं। समय पर कर्मचारियों के आने के निर्देश दिए जाएंगे।

### 3. आप इंतजार करो, कर्मचारी के आते ही आपका काम हो जाएगा




**खाद्य विभाग (जिला प्रशासन), सुबह 10.37 बजे**

ऑफिस में सिर्फ दो कर्मचारी ही बैठे थे। बाकी कुर्सियां खाली है। पूछने पर एक महिला कर्मचारी ने बताया कि आप इंतजार करो 11 बजे तक सभी आ जाएंगे।

**अहमियत** - राशन नहीं मिलने, पंजीयन सहित अन्य शिकायतें सुनी जाती है और निराकरण किया जाता है।

**जिम्मेदार**- जिला आपूर्ति अधिकारी एसएच चौधरी ने बताया आज वीसी थी। इससे मैं सुबह 10.15 बजे ही ऑफिस पहुंच गया था। सुबह 10.30 बजे ऑफिस खुल गया था। बाकी कर्मचारी भी आ ही गए थे।

### 4. मैं रोज समय पर आ जाता हूं, बाकी कर्मचारी भी आने वाले हैं




**महिला एवं बाल विकास विभाग, सुबह 10.39 बजे**

कार्यालय में सिर्फ एक कर्मचारी संजय आगरकर बैठे हैं। अधिकारियों सहित अन्य कर्मचारी ऑफिस का समय शुरू होने के बाद भी नहीं पहुंचे हैं। संजय आगरकर ने बताया मैं रोज ही समय पर आ जाता हूं। अन्य लोग भी आने वाले है।

**अहमियत** - महिलाओं और बालिकाओं से संबंधित योजना, आंगनवाड़ी सहित अन्य काम होते हैं।

**जिम्मेदार**- डीपीओ विनीता लोढ़ा ने बताया कर्मचारियों को समय पर आने के लिए कहेंगे। निर्देश जारी करेंगे।

### 5. यहां ऐसी लापरवाही कि ऑफिस शुरू होने के समय होती है सफाई



### 6. सुबह 10.38 बजे तक भी नहीं पहुंचे अफसर और कर्मचारी

